**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:19.09.2021**

# DAINIK JAGRAN

## आइडियाथान चैलेंज-2021 में रुचि प्रथम, याना द्वितीय

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय में आयोजित युवा आइडियाथान चैलेंज-2021 में प्रस्तुत प्रौद्योगिकी आधारित युवाओं की अभिनव परियोजनाओं ने सभी को प्रभावित किया। युवा आइडियाथान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन्म तिथि के उपलक्ष्य में हुई थी।

प्रदेश सरकार में तकनीकी एवं उच्चतर शिक्षा के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अभिनव आइडिया की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। आनंद मोहन शरण ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित जेसी बोस टेक्नोलाजी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन भी किया। इन्क्यूबेशन सेंटर की शुरुआत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों के उद्यमशीलता के प्रयासों को सहयोग देने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने विश्वविद्यालय में डिजिटल स्टूडियो एवं इंडस्ट्री स्किल सेंटर सहित विभिन्न सुविधाओं का जायजा भी लिया और मीडिया के विद्यार्थियों को साक्षात्कार भी दिया।



जेसी बोस टेक्नोलाजी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर के उद्घाटन अवसर पर मीडिया स्टूडेंट से बातचीत करते तकनीकी एवं उच्चतर शिक्षा के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण, साथ में कुलपति प्रो . दिनेश कुमार ● सौ.पीआरओ विश्वविद्यालय

युवा आइडियाथान चैलेंज-2021 में पेडलिंग के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने की फास्ट्रीसिटी प्रोजेक्ट आइडिया के लिए रुचि गहलावत को विजेता घोषित किया गया। इसी तरह बुजुर्ग लोगों के लिए स्वास्थ्य सहायता प्रोजेक्ट आइडिया के लिए याना सिंघल को द्वितीय और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एआइ बेस्ड रेडिकलाइजेशन मानिटरिंग सिस्टम प्रोजेक्ट आइडिया के लिए निकित मोंगा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः 10 हजार, पांच हजार और तीन रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया है। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर सजग है। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डा. एसके गर्ग ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:19.09.2021**

# PIONEER

# युवाओं की स्टार्ट-अप परियोजनाओं ने किया प्रभावित

## विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य समाधान और स्वच्छ ऊर्जा की परियोजनाएं प्रस्तुत कीं



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाये गये 'युवा प्रेरणा दिवस' पर आयोजित युवा आइडियाथॉन चैलेंज-2021 में प्रस्तुत प्रौद्योगिकी आधारित युवाओं की अभिनव परियोजनाओं ने सभी को प्रभावित किया।

विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य समाधान देने तथा स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने जैसे समाधान को अपने स्टार्ट-अप आइडिया के रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हरियाणा तकनीकी एवं उच्चतर शिक्षा के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे तथा उन्होंने विद्यार्थियों के अभिनव आइडिया की खुले दिल से सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित जेसी बोस टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन भी किया। इस इन्क्यूबेशन सेंटर की शुरआत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों के उद्यमशीलता के प्रयासों को सहयोग देने के उद्देश्य से की गई है। युवा आइडियाथॉन चैलेंज-2021 में पेडलिंग के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने की फास्ट्रीसिटी प्रोजेक्ट आइडिया के लिए रुचि गहलावत को विजेता घोषित किया गया। इसी तरह बुजुर्ग लोगों के लिए स्वास्थ्य सहायता प्रोजेक्ट आइडिया के लिए याना सिंघल को प्रथम रनर-अप और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एआई बेस्ड रेडिकलाइजेशन मॉनिटरिंग सिस्टम प्रोजेक्ट आइडिया के लिए निकित मोंगा को दूसरा रनर-अप घोषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान सचिव ने कहा कि मेक-इन-इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच का परिणाम है और इन सभी कार्यक्रमों का मुख्य बिन्दू हमारे युवा ही है। उनके जन्म दिवस पर विश्वविद्यालय द्वारा 'युवा प्रेरणा दिवस' का आयोजन एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि युवाओं की अभिनव सोच को स्टार्ट-अप के रूप में प्रोत्साहन देने के लिए टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना विश्वविद्यालय का सराहनीय प्रयास है तथा यह विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन सुविधा है, जिसकी आज प्रदेश के प्रत्येक विश्वविद्यालय को आवश्यकता है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विवि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर सजक है। विवि में इंक्यूबेशन सेंटर एवं कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना शिक्षा नीति को लेकर विवि की योजना का हिस्सा है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:19.09.2021**

# DARSHANA

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति राज्य सरकार के फोकस का प्रमुख क्षेत्र: आनंद मोहन शरण

**फरीदाबाद दर्शन संवाददाता**

**फरीदाबाद।** हरियाणा तकनीकी एवं उच्चतर शिक्षा के प्रधान सचिव श्री आनंद मोहन शरण ने आज कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सही एवं प्रभावी क्रियान्वयन राज्य सरकार के फोकस का प्रमुख क्षेत्र है, जिसकी जिम्मेदारी राज्य के तकनीकी एवं उच्चतर शिक्षण संस्थानों पर है।

श्री आनंद मोहन शरण आज आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित 'युवा प्रेरणा दिवस' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस उपलक्ष्य को चिन्हित करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं के लिए आइडियाथॉन चौलेंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर प्रधान सचिव ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित जे.सी. बोस टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन भी किया। इस इन्क्यूबेशन सेंटर की शुरूआत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों के उद्यमशीलता के प्रयासों को सहयोग देने के उद्देश्य से की गई है। इस अवसर पर प्रधान सचिव ने विश्वविद्यालय में डिजिटल स्टूडियो एवं इंडस्ट्री स्किल सेंटर सहित विभिन्न सुविधाओं का जायजा भी लिया।


छाया : अम्बिका प्रसाद ओझा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान सचिव ने कहा कि मेक-इन-इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच का परिणाम है और इन सभी कार्यक्रमों का मुख्य बिन्दू हमारे युवा ही है। उनके जन्म दिवस पर विश्वविद्यालय द्वारा 'युवा प्रेरणा दिवस' का आयोजन एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि युवाओं की अभिनव सोच को स्टार्ट-अप के रूप में प्रोत्साहन देने के लिए विश्वविद्यालय का एक अच्छा प्रयास है तथा बेहतरीन सुविधा है, जोकि आज प्रदेश के प्रत्येक विश्वविद्यालय की आवश्यकता भी है। उन्होंने कहा कि जे.सी. विश्वविद्यालय हरियाणा के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के रूप में पहचाना जाता है। वर्ष 1969 को इंडो-जर्मन परियोजना के अंतर्गत इंजीनियरिंग संस्थान के शुरू हुए इस संस्थान का फरीदाबाद क्षेत्र के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है तथा विश्वविद्यालय के विकास में इसके पूर्व छात्रों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल भी शिक्षण संस्थानों में पूर्व छात्रों से जुड़ाव को लेकर विशेष बल देते रहे है, जोकि इस विश्वविद्यालय में देखने को मिलती है।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर प्रयासरत है। इंक्यूबेशन सेंटर एवं कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना शिक्षा नीति को लेकर विश्वविद्यालय की योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्ता मानदंडों पर बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा में भी काम कर रहा है, जिसमें विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ रैंकिंग में इंजीनियरिंग, प्रबंधन एवं विश्वविद्यालय श्रेणी में उपस्थित दर्ज करवाई है तथा नैक मान्यता के अगले चरण में विश्वविद्यालय बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा रखता है। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।